राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालयिक सेवा चयन बोर्ड

राज्य कृषि प्रबंध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018, फोन– 0141–2552796

क्रमांकः प.14(13)RSMSSB / अर्थना / मू.स. / परिणाम / 2016 / 460 दिनांक : 06.09.2017

–:: कार्यालय आदेश ::–

बोर्ड द्वारा राजस्थान अधीनस्थ सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्ते) नियम, 2001 एवं (संशोधित) नियम, 2011 के अन्तर्गत मूल्याकंन संगठन विभाग के लिए अन्वेषक एवं संकलनकर्ता सीधी भर्ती परीक्षा–2016 दिनांक 21.08.2016 को आयोजित की गई थी। इस परीक्षा का परिणाम बोर्ड द्वारा दिनांक 22.09.2016 को जारी किया गया । इस परीक्षा में अन्वेषक के पद पर अंतिम रूप से चयनित समस्त 17 अभ्यर्थियों की सूची विभाग को दिनांक 23.11.2016 को भिजवा दी गई थी। विभाग द्वारा अन्वेषक के पद पर चयनित एक अभ्यर्थी श्री कमल किशोर गहलोत रो.नं. 200612 द्वारा कार्यग्रहण नहीं करना बताया है। अतः उक्त अभ्यर्थी के स्थान पर श्रेणीवार वरियता सूची से निम्नलिखित अभ्यर्थी को अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित किया जाता है। उक्त अभ्यर्थी की पात्रता की जाँच मूल दस्तावेजों से की जानी है। साथ ही अभ्यर्थी से विस्तृत आवेदन पत्र (दो प्रतियों में) भी लिया जाना है। अतः अन्वेषक एवं संकलनकर्ता सीधी भर्ती परीक्षा–2016 में अन्वेषक के पद पर अस्थाई (Provisional) रूप से सफल घोषित निम्नलिखित अभ्यर्थी को सूचित किया जाता है कि वे दिनांक 18.09.2017 को प्रातः 10.00 बजे **निदेशालय, मूल्याकंन संगठन विभाग, योजना भवन, जयपुर** पर पात्रता की जांच हेतु आवश्यक रूप से विस्तृत आवेदन (दो प्रतियों में) एवं मूल दस्तावेजों के साथ उपस्थित होवें :–

S.No	Roll No	Name	Gender	Select Category
1.	201507	SHARWAN SINGH	MALE	OBC

पात्रता की जांच हेतु उपस्थित होते समय निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–

1. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं अन्वेषक एवं संकलनकर्ता पद के लिये दिनांक 14.03.2016 को जारी विज्ञप्ति का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।
2. विस्तृत आवेदन दो प्रतियों में अलग–अलग लाना है। विस्तृत आवेदन की फोटोप्रति स्वीकार नही की जायेगी।
3. शैक्षणिक योग्यता, आयु, जाति, चरित्र, विशेष योग्यजन, विवाह, उत्कृष्ट खिलाडी, सेवारत होने संबंधी मूल प्रमाण–पत्र एवं दस्तावेज तथा स्वंय का पहचान पत्र आवश्यक रूप से साथ लावें।
4. विस्तृत आवेदन पत्र के साथ प्रमाण–पत्रो एवं दस्तावेजों की स्वंय द्वारा प्रमाणित प्रति संलग्न करें।
5. अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश एवं विस्तृत आवेदन का प्रारूप मय प्रपत्रों के बोर्ड की बेवसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है।

(डॉ. नन्दसिंह नरूका)

अध्यक्ष